# पाठ 3 नीम का पेड़

## यह भी जानें

- नीम की पत्तियों से दवाईयाँ भी तैयार की जाती हैं।
- पेड़ों से हम ऑक्सीजन प्राप्त करते हैं।
- पेड़ सूरज की रोशनी से अपना भोजन प्राप्त करते हैं।

रीमा के दादा जी ने घर के बगीचे में तरह-तरह के पेड़-पौधे लगा रखे थे। आम, नीम, तुलसी, गुलाब आदि जैसे कई पेड़-पौधे थे। रीमा को भी पेड़-पौधों से बहुत लगाव था। वह स्कूल से आते ही पेड़-पौधों की देखभाल में लग जाती। पेड़-पौधों को पानी देती, उनकी सूखी पत्तियों को हटाती। दादाजी भी रोज़ उसे किसी न किसी पेड़ या पौधे के बारे में जानकारी देते। वह बड़े ध्यान से उनकी बातों को सुनती।




रीमा का भाई रोहन बहुत शरारती था। उसका ध्यान कभी एक जगह पर नहीं लगता था। वह सारा दिन इधर-उधर उछलता-कूदता रहता। एक दिन रोहन खेल-खेल में बगीचे में लगे नीम की टहनियाँ तोड़ने लगा। उसने कई टहनियाँ तोड़ डालीं। रीमा ने जब यह देखा तो उसे बहुत गुस्सा आया। उसने रोहन को ऐसा करने से मना किया, परंतु वह नहीं



Scanned by CamScanner

माना। रीमा ने दौड़कर सारी बात अपने दादाजी को बताई। दादाजी ने रोहन को बुलाया, "रोहन जल्दी आओ, मैं तुम्हें कुछ देना चाहता हूँ।" आवाज़ सुनकर रोहन दौड़ता हुआ दादाजी के पास जा पहुँचा और बोला, "क्या है दादाजी? जल्दी दीजिए।"



दादाजी बोले, "पहले यहाँ बैठो और ध्यान से मेरी बात सुनो।"

रोहन ने उत्सुकता से पूछा, "क्या दादाजी?"

दादाजी बोले, "तुमने जिन टहनियों को तोड़ा है क्या तुम जानते हो? वे कितने काम की हैं।"

रोहन झट-से बोला, "मुझे पता है दादाजी वे हमारे किसी काम की नहीं हैं।"

दादाजी ने रोहन के सिर पर हाथ फेरते हुए उसे समझाया, "नहीं रोहन, ऐसा नहीं है।

नीम का पेड़ घना व छायादार होता है। गरमियों में यह हमें तेज़ धूप से बचाता है और ठंडी छाँव देता है। कितने पक्षियों का घर होता है नीम।"

रोहन बोला, "हाँ दादाजी इसके नीचे खेलने में तो बहुत मज़ा आता है।" दादीजी ने आगे बताया, "नीम की पत्तियाँ हमारे के लिए बहुत लाभदायक होती हैं। इसकी पत्तियाँ





Scanned by CamScanner



और निबोरी खाने से कई प्रकार के रोग दूर होते हैं जैसे चमड़ी का रोग, मधुमेह आदि। अच्छा! तुमने अपनी दादी को नीम की पत्तियाँ कपड़ों की अलमारी में रखते तो देखा ही होगा। जानते हो, वह ऐसा क्यों करती हैं?" "नहीं, दादाजी, दादी ने हमें इसके बारे में कभी नहीं बताया", रीमा ने निराश होते हुए कहा।

"नीम की पत्तियाँ इतनी प्रभावकारी होती हैं कि वे कपड़ों को कीडों से बचाती हैं। नीम की पत्तियों की खुशबू से कीड़े दूर रहते हैं।", दादाजी ने बताया।

तभी रीमा बोली, "पापा भी तो रोज़ नीम की डंडी से दातुन करते हैं।" बिल्कुल, ठीक कहा तुमने रीमा, नीम की दातुन दाँतों के लिए बहुत लाभकारी होती है। इससे दाँतों में कीड़ा नहीं लगता।", दादाजी ने बताया।

"समझ गया दादाजी, अब मैं कभी किसी पेड़ को नुकसान नहीं पहुँचाऊँगा और हाँ, आपके साथ पेड़ों की देखभाल भी करूँगा", खुश होते हुए रोहन बोला।

"शाबाश, रोहन", दादाजी और रीमा दोनों ने एक साथ कहा।

## नए शब्द

**लगाव**




प्यार

**छाँव**




छाया

**निबोरी**



नीम का फल

**चमड़ी**



त्वचा

**दातुन**

दाँत साफ करने के लिए पेड़ की डंडी या छाल

**लाभकारी**

फायदेमंद

**टहनी**



डालियाँ



Scanned by CamScanner

## अभ्यास

1. **पाठ के आधार पर सही वाक्यों के सामने ( ✓ ) और गलत वाक्यों के सामने ( × ) का निशान लगाइए।**

   क. नीम का पेड़ बहुत ही घना व छायादार होता है। ☐

   ख. नीम की कड़वी पत्तियाँ किसी काम की नहीं होती हैं। ☐

   ग. रोहन को पेड़-पौधों से बहुत लगाव था। ☐

   घ. रोहन ने खेल-खेल में नीम की कई टहनियाँ तोड़ दीं। ☐

   ङ. दादाजी ने रोहन को नीम का महत्व समझाया। ☐

2. **उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।**

   क. रीमा को ____________ से बहुत लगाव था।

   ख. नीम की डंडी से ____________ किया जाता है।

   ग. दादी कपड़ों की अलमारी में नीम की ____________ रखती थीं।

   घ. पेड़ गरमी में हमें ____________ देते हैं।


   ङ. पेड़ हमारे लिए ____________ हैं।

3. **दिए गए अंश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

"नीम की पत्तियाँ इतनी प्रभावकारी होती हैं कि वे कपड़ों को कीड़ों से बचाती हैं। नीम की पत्तियों की खुशबू से कीड़े दूर रहते हैं।", दादाजी ने बताया।

तभी रीमा बोली, "पापा भी तो रोज़ नीम की डंडी से दातुन करते हैं।" "बिल्कुल, ठीक कहा तुमने रीमा, नीम की दातुन दाँतों के लिए बहुत लाभकारी होती है। इससे दाँतों में कीड़ा नहीं लगता।", दादाजी ने बताया।

"समझ गया दादाजी, अब मैं कभी किसी पेड़ को नुकसान नहीं पहुँचाऊँगा और हाँ, आपके साथ पेड़ों की देखभाल भी करूँगा", खुश होते हुए रोहन बोला।







Scanned by CamScanner

क. कपड़ों में नीम की पत्तियाँ क्यों रखी जाती हैं?

(i) कीड़ों से बचाने के लिए ☐ (ii) खुशबू के लिए ☐ (iii) कोई भी नहीं ☐

ख. नीम की डंडी से कौन दातुन करता था?

(i) दादाजी ☐ (ii) रीमा ☐ (iii) पापा ☐

ग. दिया गया अंश किस पाठ से लिया गया है?

(i) नीम का पेड़ ☐ (ii) मीकू खरगोश ☐ (iii) किसान व पेड़ ☐

घ. निम्न में से कौन-सा संज्ञा शब्द है?

(i) रीमा ☐ (ii) उसने ☐ (iii) तुम ☐

**4. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

क. रीमा स्कूल से आते ही किस काम में लग जाती थी?

ख. रीमा को रोहन की किस बात पर बहुत गुस्सा आया?

ग. दादाजी ने रोहन को क्या समझाया?

Scanned by CamScanner